मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-182
13/04/2020

बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन किया

पटना, 13 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें नमन करते हुये कहा है कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिये समर्पित कर दिया। एक महान दार्शनिक, राजनीतिज्ञ, न्यायविद्, मानवविज्ञानी एवं समाज सुधारक होने के नाते बाबा साहेब एक बहुआयामी व्यक्तित्व थे। उन्हें हमारे भारतीय संविधान के पिता के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

मुख्यमंत्री ने लोगों विशेष रूप से युवा पीढ़ी से बाबा साहेब के आदर्शों एवं संदेशों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है, जो आज भी प्रासंगिक हैं और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत करने की दिशा में योगदान करते हैं।

*****